बरेली, रविवार
3 दिसंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO, 06, BOTTOM LEFT

कैसे हुआ.. कैसे हुआ... तू इतना जरूरी कैसे हुआ

एसआरएमएस में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देती राक बैंड की गायिका शाहीन सलमानी • सौ.एसआरएमएस

जागरण संवाददाता, बरेली: चर्चित गाने कैसे हुआ.. कैसे हुआ... तू इतना जरूरी कैसे हुआ जैसे चर्चित रूहानी गीतों के साथ शनिवार को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेस्ट-2023 का समापन हुआ। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (एसआरएमएस सीईटी) में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ जेस्ट में सूफी राक बैंड राकनामा बैंड की प्रस्तुति से हुआ।

स्टार नाइट में मंच पर माइक लेकर पहुंची शाहीन सलमानी ने बैंड की धुन पर अपनी सुरमई आवाज की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने कबीर सिंह के चर्चित गाने कैसे हुआ.. कैसे हुआ... तू इतना जरूरी कैसे हुआ से स्टार नाइट की शुरुआत की।

जेस्ट-2023 के पराक्रम में शामिल हुआ राकनामा बैंड का जादू

पहले ही गाने पर स्टेज के नीचे मौजूद श्रोताओं ने उनका साथ दिया। इसके बाद शाहीन सलमानी ने हालिया चर्चित हुए पाकिस्तानी गायक अली सेठी और शाई गिल के गाने अग लावां मजबूरी नूं, आन जान दी पसूरी नू ...को अपने स्वर देकर माहौल में रूमानियत घोल दी। इससे पहले श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन व अध्यक्ष देव मूर्ति ने जेस्ट 2023 में आयोजित 38 सांस्कृतिक स्पर्धाओं के विजेताओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र दिए।

इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, कालेज के प्रधानाचार्य डा. एमएस बुटोला, रिचा मूर्ति, सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे।